हत्या के मामले में तीन आरोपियों पर गैंगस्टर

गोरखपुर, ११ नवम्बर। हत्या जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्तता के मामले में बेलीपार पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इनमें एक को गैंग का सरगना और दो को गिरोह का सदस्य बताया गया है। तीनों आरोपी बेलीपार थाना क्षेत्र के भौवापार गांव के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, गैंग का सरगना ऋषभ सिंह उर्फ अंचल सिंह पुत्र रामनरेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह है। गिरोह के अन्य सदस्यों में बलवंत सिंह उर्फ टार्जन उर्फ राहुल सिंह पुत्र बृजेश सिंह और कुन्दन सिंह पुत्र बीरबहादुर सिंह शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ऋषभ सिंह अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर हत्या जैसे जघन्य अपराध करता है। गिरोह के सदस्यों के आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने और उनके भय एवं आतंक से आमजन के प्रभावित होने की बात सामने आने के बाद उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी की ओर से गैंग चार्ट अनुमोदित होने के बाद बेलीपार थाने में तीनों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 259/2026, धारा 2ख(1)(XI)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना और आरोपियों को कानून के दायरे में लाना है।पुलिस के अनुसार, गैंग लीडर ऋषभ सिंह के खिलाफ कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। इनमें बेलीपार थाने में वर्ष 2026 का हत्या से संबंधित मुकदमा संख्या 105/2026 भी शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2017, 2022, 2023 और 2025 में मारपीट, धमकी, गाली–गलौज और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए हैं। खजनी थाने में भी वर्ष 2020 में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। वहीं, बलवंत सिंह उर्फ टार्जन उर्फ राहुल सिंह और कुन्दन सिंह के खिलाफ भी हत्या से संबंधित मुकदमा संख्या 105/2026 दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

❖ बेलीपार के भौवापार गांव के रहने वाले हैं तीनों आरोपी ❖गैंग लीडर ऋषभ सिंह पर आठ, अन्य दो पर हत्या का एक–एक मुकदमा दर्ज

ज्ञान, बुद्धि और कर्म के देवता प्रभु श्री चित्रगुप्त पूजन उत्सव शुरू

गोरखपुर, ११ नवम्बर। राष्ट्रीय सेवा परिषद, अशोक ऐश्वरम विला परिवार व डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस एसोसिएशन संयुक्त तत्वाधान में आज तारामंडल स्थित नौकविहार , रेल बिहार कालोनी परिसर में श्री अशोक ऐश्वरम विला मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित कायस्थ परिवारों ने भगवान श्री चित्रगुप्तजी की वैदिक रीति से पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर सभी जनों ने श्री चित्रगुप्तजी प्रभु का पूजन करने के पष्चात् सामूहिक कलम–दावात की विशेष पूजा भी की व तत्तपश्चात हवन, महाआरती,प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात चिन्हित असहायों को सहायता प्रदान किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री चित्रगुप्तजी की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच षोडश पूजन किया गया। जिसमें कायस्थ समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। तत्पष्चात् प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुश्पांजलि अर्पित की गयी। पूजा–अर्चना के बाद सभागार में समस्त चित्रांश परिवारों द्वारा सामूहिक रूप से कलम–दावात की पूजा की गयी। जिसके तहत सभी ने पहले से वितरित भगवान श्री चित्रगुप्तजी महाराज के चित्र से युक्त पृश्ठ पर विभिन्न देवी–देवताओं एवं श्री चित्रगुप्तजी के ही अनेक नामों को लिख कर अंकित किया। इसके बाद सामूहिक रूप से हवन और महाआरती का कार्यक्रम भक्तिपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न हुआ। अन्त में सभी लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ। तत्पश्चात आस–पास के मंदिरों के समीप कायस्थ रत्न लोकप्रिय राजनेता व समाजसेवी स्वर्गीय डॉक्टर अशोक कुमार श्रीवास्तव व ममतामयी मां अकलेश के स्मृति में असहायो मे वस्त्र ,खाद्य सामग्री, प्रसाद आदि का वितरण किया गया इस अवसर पर करते वयोवृद्ध समाजसेवी श्री दुर्गा प्रसाद (बाबू जी) व इंजीनियर प्रदीप कुमार, पूर्व रेल अधिकारीव डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव शिक्षाविद् ने कहा कि जहाँ तक कायस्थ समाज की बात है, इस समाज ने आरंभ से ही अपनी क्षमता व प्रतिभा से पूरे राष्ट्र को सशक्त बनाने की कोशिश की है और कभी अपने लिए संघर्ष का रास्ता नहीं चुना बल्कि देश के विकास में अपना हर सम्भव योगदान करता रहा। विहिप के जिला मंत्री इं. संजीत कुमार श्रीवास्तव व रेलवे एक्टिविस्ट इं. जीत कुमार ने कहा कि सभी त्यौहार सभी के लिए विशेष महत्व रखता है लेकिन विभिन्नता में एकता के प्रतीक इस भारत देश में कोई पर्व किसी एक वर्ग के लिए ही नहीं सभी के लिए महत्वपूर्ण है। सभी आगंतुकों का आभार और कार्यक्रम का सामाजिक कर्मयोगी मंजीत श्रीवास्तव (बाबु) ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री पूर्वांचल के ख्यातिलब्ध फिजीशियन सुधांशु शंकर,मेजर डॉ अमित कुमार, सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ पी के श्रीवास्तव,होमियोपैथ चिकित्सक डा. ओ.पी. श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, नीतिन जी, अनिलजी,अजयजी, राज कुमार, डॉ. पी.सी.श्रीवास्तव, इं. प्रदीप कुमार, डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव , इं.रंजीत कुमार, ई.संजीत कुमार, मनीष चन्द, अजय शंकर, रवि प्रकाश, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रभात,मंजीत कुमार, इंजीनियर अनुभव कुमार, शिवेश स्यागी,विजय श्रीवास्तव, विवेक,सहित सभी वर्ग व् हर तबके के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



❖ कार्तिक शुक्ल द्वितीया पर हुई कलम–दवात की विशेष पूजा

सूर्यकुंड धाम में 34वें छठ महोत्सव की तैयारियां शुरू

गोरखपुर, ११ नवम्बर। सूर्यकुंड धाम में सूर्यकुंड धाम विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित 34 वे छठ महोत्सव की तैयारियां जोरों शोरों पर है। विकास समिति ने1993 में 17 व्रती महिलाओं के साथ छठ पर्व की शुरुआत की थी। 34 वे छठ पर्व की तैयारियों को लेकर बुधवार को सूर्यकुंड धाम विकास समिति के तत्वावधान में छठ महोत्सव आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति की अध्यक्ष अर्चना शर्मा एवं सपना लखमानी कीअगुवाई में धाम के छठ घाट सूर्यकुंड पोखरे की व्यापक साफ सफाई की इस दौरान वेदी बनाने के लिए सीढ़ियो को धुला गया पोखरे के पानी में पॉलिथीन आदि गंदगी को जाली से छान कर निकल गया, इसी के साथ धाम में श्रद्धालुओं द्वारा तेजी से बेदी का निर्माण शुरू हो गया। धाम में चार दिवसीय छठ महोत्सव शुक्रवार को नहाए खाए के दिन उदित होते सूर्य की महाआरती से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का संचालन सूर्यकुंड धाम योद्धा क्लब की संयोजिका कनकलता मिश्रा ने किया। आभार ज्ञापन मदन राजभर ने किया।



❖ महिलाओं ने की घाट की साफ–सफाई

मूर्ति विसर्जन के दौरान युवक नदी में डूबा

धानी बाजार महराजगंज । बृजमनगंज थाना क्षेत्र के राप्ती नदी में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक नदी में डूब गया। जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। सूचना पाकर मौके पर भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी जुट गए हैं। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नौसागर निवासी रमेश 35 वर्ष गांव में लगे मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के लिए राप्ती नदी पर गए थे। जहां पर रात में करीब 8:30 बजे विसर्जन के दौरान अनियंत्रित होकर नदी में गिर गए और डूब गए, जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद कुछ पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना पाकर एसडीएम प्रेम शंकर पांडेय, सीओ दीप शिखा वर्मा व थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिह मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश में जुटे हुए हैं। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया है इस सम्बन्ध मे सीओ दीपशिखा वर्मा ने बताया का तलास जारी है प्रशासन भरसक प्रयास कर रही है

विशेष ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता जारी

गोरखपुर, ११ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 30 नवम्बर तक के लिये 11 नवम्बर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 15 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 2 बर्थ तथा 22 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 2, 29 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 15, द्वितीय श्रेणी में 44 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 339 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर–जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 9 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर–सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 13 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 84 एवं शयनयान श्रेणी में 208 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर–डिब्रूगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 12 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 61 एवं शयनयान श्रेणी में 144 बर्थ तथा 26 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 32 एवं शयनयान श्रेणी में 109 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05048 बनारस–कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 840 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर–आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 एवं शयनयान श्रेणी में 393 बर्थ; 21 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 306 एवं शयनयान श्रेणी में 156 बर्थ तथा 28 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 342 एवं शयनयान श्रेणी में 367 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 04824 मऊ–जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 7 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर–नारंगी (गुवाहाटी) त्यौहार विशेष गाड़ी में 15 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 271 बर्थ तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 176 बर्थ उपलब्ध है। यात्रीगण इन विशेष ट्रेनों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुखद एवं आरामदेह बनावें।

कराटे में 9 खिलाड़ियों ने जीते 16 पदक, 9 स्वर्ण एवं 7 रजत पदकों के साथ बढ़ाया गौरव

गोरखपुर 11 नवम्बर। विजय चौक स्थित एस.एस. एकेडमी द्वारा संचालित अच्युत मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। दिल्ली के राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लक्स में आयोजित एसजीडीएएफ नेशनल गेम्स 2026 में गोरखपुर की कराटे टीम के 9 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 16 पदक अपने नाम किए। इनमें 9 स्वर्ण एवं 7 रजत पदक शामिल हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में नंदनी मौर्य ङ्क कुमिते में स्वर्ण एवं काता में रजत पदक। राजवीर यादव कुमिते में स्वर्ण एवं काता में रजत पदक। अभिषेक गुप्ता , कुमिते में स्वर्ण एवं काता में रजत पदक। रुद्र मिश्रा ङ्क काता में स्वर्ण एवं कुमिते में रजत पदक। तनिष्क राव ङ्क काता में स्वर्ण एवं कुमिते में रजत पदक। श्रेय शर्मा , कुमिते में स्वर्ण एवं काता में रजत पदक। अंशिका यादव , काता में स्वर्ण एवं कुमिते में रजत पदक। इशांत यादव ङ्क कुमिते में स्वर्ण पदक एवं अंश पांडेय ने कुमिते में स्वर्ण पदक हासिल किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सभी 9 खिलाड़ियों का आगामी अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ निशी अग्रवाल ने इस सफलता पर सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षक आकाश कुशवाहा को बधाई दी।



श्री चित्रगुप्त मंदिर रुस्तमपुर में हुआ पूजन-अर्चन

गोरखपुर, ११ नवम्बर। सृष्टि के रचयिता जगतपिता ब्रह्मा जी के अंश, समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले तथा ज्ञान, विवेक, न्याय और लेखनी के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजनोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर रुस्तमपुर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ विकास समिति के तत्वावधान में भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण, विधि-विधान से पूजन-अर्चन, हवन, स्तुति एवं आरती के माध्यम से आराध्य देव का वंदन कर समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना किया गया।

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी :	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज :	३, लीडर रोड
कानपुर :	बांसमण्डी
लखनऊ :	१, जापलिंग रोड
आगरा :	महात्मा गांधी रोड
बरेली :	रोड नं.–३, परसाखेड़ा
पटना :	फ्रेजर रोड
रांची :	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर :	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१

दूरभाष : २२०१८७६

फैक्स : २३३१२१२

e-mail-aj gorakhpur@yahoo.com

ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिसवा बाजार जनपद–महराजगंज (उ.प्र.)

(ई–निविदा आमंत्रण सूचना)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद्–सिसवा बाजार, महराजगंज द्वारा निर्गत ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना के माध्यम से '**मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना**' के अन्तर्गत स्वीकृत/प्राप्त धनराशि से निम्नवत निर्माण कार्य सम्पादित किया जाना है। कराये जाने वाले कार्यो हेतु (टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल) ई–निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की समस्त कार्यवाही वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर किया जायेगा। निविदा शुल्क की धनराशि को आर.टी.जी.एस. के माध्यम से नगर पालिका परिषद् सिसवा बाजार, महराजगंज के पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सिसवा बाजार के खाता संख्या-1748000100045570 IFSC Code - PUNB0174800 में आनलाईन/नगद जमा की जा सकेगी तथा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् सिसवा बाजार, महराजगंज के नाम से बंधक हो स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य शर्तें/नियमों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय के सम्बंधित पटल से की जा सकती है, किसी भी कार्य दिवस में अवकाश होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में पूर्ण की जायेगी।

1.	वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	12-11-2026 (05.00PM)
2.	ई–निविदा डाउनलोड/प्रारम्भ की तिथि/समय	12-11-2026 (05.00 PM)
3.	ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	11-12-2026 (01.00 PM)
4.	ई–निविदा खोले जाने की तिथि/समय	11-12-2026 (03.00 PM)

(विन्ध्याचल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सिसवा बाजार
महराजगंज

(शकुन्तला देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् सिसवा बाजार
महराजगंज

पत्रांक:-878(4)/न.पा.प. सिसवा/ई-नि.सू. (2026-27)/दिनांक 10-11-2026

सूचना-मैं जनार्दन प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र शिवमूरत अपना नाम बदलकर जनार्दन कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **जनार्दन** पुत्र शिवमूरत, ग्राम चौरी परसा पोस्ट बरातगाडा कैम्पियरगंज, कैम्पियरगंज, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273158.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार मैने गाटा संख्या 301 की 1.256 हे0 में से 1/8 भाग 0.157 में से 0.156 15–11–2003, 15–12–2005, 05–05–2007 एवं 26–05–2008 को बैनामा बाद खारिज दाखिल करा लिया। नियमानुसार 35 दिन में इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति दाखिल नहीं हुई। अतएव इस भूमि को बेचना व खरीदना अवैध होगा। यदि इस भूमि को कोई बेचता और खरीदता है वो पूर्णतया अवैध होगा। इसकी सारी जिम्मेदारी बेचने और खरीदने वाले की होगी। **कुदन** पुत्र सरजू, निवासी भरौली, तप्पा हवेली तहसील भाटपार रानी, देवरिया

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम धर्मराज पाण्डेय पुत्र अवध किशोर पाण्डेय दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम धर्मराज पाण्डेय पुत्र अवध नारायण है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **धर्मराज पाण्डेय** पुत्र अवध नारायण 624डी., हुमायूंपुर (उत्तरी) मुंशी जी के हाटा के पास गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर।

सूचना-मैं **सुमन सिंह** पत्नी स्व. राणा प्रताप सिंह निवासी सुभाष नगर उत्तरीय वार्ड नम्बर 13 परतावल रोड, नगर पंचायत कप्तानगंज जनपद कुशीनगर कि स्थाई निवासी हूँ। मेरे पति स्व. राणा प्रताप सिंह पुत्र स्व . सत्यनारायण सिंह जो कप्तानगंज विकास खंड के कृषि इकाई केंद्र में बीटीएम के पद पर कार्यरत थे जिनका हार्ट अटेक हो गए था। पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा सकी जिनका मेरे घर पर 20/10/2026 को शाम सात बजे मृत्यु हो गया है।

Notice -I hitherto known as JOGINDAR S/o RAMAYAN R/o Khakhari , Khakhari , Boopgarh , Gola , Gorakhpur , Gorakhpur , Uttar Pradesh - 273413 . have changed my name and shall hereafter be known as **JOGINDAR YADAV .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम तन्नू चौहान (TANNU CHAUHAN) से बदलकर तुन्नू चौहान (TUNNU CHAUHAN) कर लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **तुन्नू चौहान (TUNNU CHAUHAN)** D/O विजय चौहान निवासी ग्राम असना, खुखुंदू, जिला देवरिया

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश Ram Milan Veshvakaram, आधार कार्ड में Ram Milan Vishvakarma तथा इंटरमीडिएट में Ram Milan Vishwakarma अंकित है। उक्त तीनों नाम मेरे पिता का ही है, मेरे पिता को Ram Milan Vishwakarma के नाम से जाना व पहचाना जाता है। **वंदना विश्वकर्मा** पुत्री राममिलन विश्वकर्मा ग्राम बढ़या बुजुर्ग (साधु टोला) तहसील व जिला देवरिया। मेरा वर्तमान पता न्यू कॉलोनी निकट मस्जिद, जिला देवरिया है।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम यासमीन खातून (YASAMIN KHATOON) है। जबकि जबकि आधार कार्ड में असमीना खातून (ASMINA KHATOON) हो गया है। मुझे यासमीन खातून (YASAMIN KHATOON) नाम से जाना और पहचाना जाये। यासमीन खातून (**YASAMIN KHATOON**) पुत्री अकबर अंसारी (AKBAR ANSARI), ग्राम मकुनही, पोस्ट नूनखार, जनपद देवरिया।

Notice -I hitherto known MADHU D/o GORAKH PRASAD VERMA R/o Harpur , Lejar Mahadewa , Pharenda , Anandnagar , Maharajganj , Uttar Pradesh - 273155 . have changed my name and shall hereafter be known as **NIDHI VERMA .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 रोल नं 212947088 का अंक पत्र सह मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **एरिन्स कुमार शमा** आत्मज–गेना शर्मा, ग्राम–कठकुईयां टोला मठिया पोस्ट–कठकुईयां (कुशीनगर)

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद अयुब पुत्र अब्दुल रहीम से बदल कर अब नया नाम मुहम्मद अयूब (MUHAMMAD AYOOB) पुत्र अब्दुल रहीम (ABDUL RAHEEM) कर लिया है ।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मुहम्मद अयूब** पुत्र अब्दुल रहीम साकिन बर्डपुर न० 7 टोला बेलौही पोस्ट पंडितपुर विकास खण्ड बर्डपुर तहसील नौगढ़ थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता राजेश कुमार विश्वकर्मा के जीवन पर भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा नं.-2 गोरखपुर द्वारा जारी पालिसी संख्या 293490079 में नामिनी के स्थान पर मेरा नाम श्रुति विश्वकर्मा अंकित है परन्तु मेरे सरकारी व शैक्षणिक अभिलेख में मेरा नाम मुस्कान विश्वकर्मा दर्ज है। दोनों नाम मेरा ही (एक ही महिला का) है। भविष्य में मुझे मुस्कान विश्वकर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। **मुस्कान विश्वकर्मा** पुत्री राजेश विश्वकर्मा, 10 नं. बोरिंग, गोरखनाथ, गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले NEWTAN KUMAR RAI था आज से मैने अपना नाम बदलकर NEWTON KUMAR RAI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। **NEWTON KUMAR RAI** पुत्र कालिका राय ग्राम ओलीपट्टी, पथरदेवा–देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ALI AHMAD से बदलकर ALI AHMED SERAZUL HAQ KHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **ALI AHMED SERAZUL HAQ KHAN** S/O SERAZUL HAQ निवासी ग्राम प्रसादपुर पोस्ट तिनहरीमाफी, थाना दुधारा संतकबीरनगर 272125

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Pushpa Pathak से बदलकर Pushpa Kar Pathak रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **Pushpa Kar Pathak** W/O Amarnath Kar Pathak निवासी HIG 95 विकास नगर विस्तार बरगदवा, पोस्ट फर्टिलाइजर फैक्ट्री, थाना गोरखनाथ जिला गोरखपुर 273007

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम EHSAN BEG से बदलकर EHSAN NAIMUDDIN BEG रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **EHSAN NAIMUDDIN BEG** पुत्र NAIMUDDIN ग्राम– मेहदा, पोस्ट कुरियार, जिला– बस्ती 272178

नीलामी सूचना-धर्मेन्द्र कुमार जनता लघु मा० वि० सतगुर, मुजुरी पोस्ट माधोनगर क्षेत्र पनियरा जिला–महराजगंज के प्रांगण में आंधी बारिश से गिरे 09 पेड़ यूकेलिप्टस, 01 पेड़ सुखा शीशम कुल 10 वृक्षों की नीलामी दिनांक 13–11–2026 को पूर्वान्हन 11 बजे से विद्यालय प्रांगण में होगी। विशेष जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।
साधिकार नियंत्रक

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 3051630 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **राजकुमार कुशवाहा** पुत्र श्री तेज बहादुर कुशवाहा ग्राम बरियारपुर टोला रघुनाथपुर पोस्ट बड़हरा बाबु जिला देवरिया।

सूचना-मैं शेओ मूरत विश्वकर्मा पुत्र रामआसरे अपना नाम बदलकर शिवमूरत कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **शिवमूरत** पुत्र रामआसरे ग्राम चौरी परसा पोस्ट बरातगाडा कैम्पियरगंज गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273158.

Notice -I hitherto known as BHEEM S/O PREM R/O HARKHAPUR , MAHUAWA KHURD , PIPRAICH , GORAKHPUR , UTTAR PRADESH - 273152 . have changed my name and shall hereafter be known as **SATYPAL .**

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHAUKAT ALI KHAN के स्थान पर SHAUKAT ALI रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **SHAUKAT ALI** पुत्र RAHAMATULLAH KHAN निवासी ग्राम बैरिया पोस्ट हरपुर तिवारी जिला महाराजगंज 273301

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम मनीष कुमार सिंह से बदलकर मनीष सिंह कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनीष सिंह** पुत्र सत्य नारायण सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर झुगिया, पोस्ट गुलहरिया बाजार, जिला गोरखपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम कमलेश से बदलकर कमलेश कुशवाहा कर लिया है।मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **कमलेश कुशवाहा** पुत्र बलराम कुशवाहा निवासी ग्राम बथही खुर्द, पोस्ट रामकोला, जिला कुशीनगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइंट डी.एम.आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्रांच ऑफिस 155 बी द्वितीय तल खजांची चौराहा राप्तीनगर 4 गोरखपुर उत्तर प्रदेश 273003 है की तरफ से सूचित किया जाता है कि श्रीमती अस्मिता यादव पत्नी श्री इंद्रेश यादव व श्रीमती कु० आराधना यादव पत्नी शैलेश यादव निवासीगण ग्राम पोस्ट मोलनापुर हरिहरपुर जिला सतकबीरनगर उत्तर प्रदेश उक्त संपत्ति अर्थात आराजी नंबर 131ध, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट मौजा गोसपुर तप्पा व परगना व तहसील खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर है जिसकी चौहद्दी निम्नवत है– पूर्व रास्ता 14 फिट पश्चिम जमीन बबीता उत्तर जमीन सह खातेदार दक्षिण जमीन सोनी को ऋण करने के लिए ऋण हेतु आवेदन किया है। श्री अजय कुमार व जितेंद्र पुत्र बजरंगी प्रसाद व लालमन पुत्र रामानंद निवासी गोसपुर पोस्ट बनियाबारी खलीलाबाद संतकबीरनगर उत्तर प्रदेश जो उपरोक्त भूमि के मालिक हैं से ऋण करना चाहते हैं जिस किसी भी व्यक्ति को या बैंक को या किसी वित्तीय संस्था को या उपरोक्त आराजी के खातेदार तूफानी पुत्र छटठू कौशल पुत्र छटठू सुरेंद्र पुत्र मंगल राजेंद्र पुत्र मगल गुलाब चंद्र पुत्र छांगुर दशरथ पुत्र राम अजोर या अन्य इत्यादि को ट्रांजैक्शन के बाबत था या किसी व्यक्ति को प्रश्नगत संपत्ति को डी.एम.आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड में बंधक रखने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के सात दिनों के अंदर नीचे दिए गए पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तदनुसार श्रीमती अस्मिता यादव पत्नी श्री इंद्रेश यादव व श्रीमती कु० आराधना यादव पत्नी शैलेश यादव के पक्ष में डी.एम.आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड गोरखपुर द्वारा नियमानुसार ऋण का भुगतान कर दिया जाएगा।
श्री प्रकाश सिन्हा (एडवोकेट) गेट न. 3, सिविल कोर्ट, कैन्ट थाना, गोरखपुर, मोबाइल 9450438416.